## पार्षदों ने किया सशक्त विरोध, कलेक्टर से शिकायत भी की

# मुनाफे की खातिर बीच बस्ती शराब दुकान खोलने पर आमादा







**शहडोल।** एक ओर शासन नशा मुक्ति आंदोलन को प्रश्रय देकर नशे की लत पर अंकुश लगाना चाहती है और दूसरी ओर प्रशासनिक अधिकारी सरेआम बस्ती के बीच मदिरालय खोलने के हिमायती नजर आते हैं। इतना तो तय है कि नशे की लत का समाज पर दुष्प्रभाव पड़ता है, इसलिए इसे नियंत्रित किया जाना बेहद जरूरी है। शायद यही कारण है कि भीड़ भरी बस्तियों व स्कूलों, मंदिरों आदि के आसपास मदिरालय संचालन को प्रतिबंधित किया गया है। लेकिन दूसरी ओर शराब से होने वाली अकूत आमदनी को छोड़ पाना भी शासन के वश में नहीं है। आबकारी विभाग और उसके ठेकेदार इसी कमजोरी का लाभ उठा कर अपना खेल खेलते नजर आते हैं। जनहित के लिए खींची गई लकीरें कहीं नीचे दब जातीं हैं और आमदनी का आंकड़ा ऊपर उठ जाता है। नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक-04 मुख्य मार्ग पर भी इन दिनो एक कशमकश की स्थिति बनी हुई है। जहां नवीन शराब दुकान खोले जाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि इस मामले में विरोध के स्वर मुखर होते जा रहे हैं और शिकायतें भी हो रहीं हैं, लेकिन मसला यह है कि प्रशासन के नक्कारखाने में विरोधों की तूती कब तक चीखेगी आखिर? कौन सुनेगा उसे।

### विरोध के साथ शिकायत भी

नगर परिषर बरगवां अमलाई अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप तीन दशकों से शांति पूर्वक शराब दुकान संचालित थी, जिसे वर्तमान लायसेंसी ठेकेदार वीरेन्द्र राय के द्वारा मुख्य मार्ग पर रहवासी क्षेत्र में अपनी आमदनी बढाने के लिए ले जाया जा रहा है। सामाजिक जागरुकता रखने वाले प्रबुद्ध वर्ग के लोग इसे उचित नहीं मान रहे हैं, उन्हे इससे सामाजिक सुरक्षा व शांति में खलल पडने का खतरा नजर आने लगा है। इसलिए आनन फानन में विरोध होने लगा है। इस मामले में नगर परिषद बरगवां अमलाई की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता एवं उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी व समस्त पार्षदों ने विरोध जताते हुए कलेक्टर से लिखित शिकायत की है। साथ ही कलेक्टर से सारी वस्तुस्थितियां भी साझा की हैं। शराब ठेकेदार अपने मतलब के लिए सामाजिक हितों की तिलांजलि दे रहा है।

### बस्ती में बढ़ेगी अराजकता

शिकायत में इस आशय की चिंता जताई गई है कि बस्ती के बीच शराब दूकान खोलने से सरेआम सडकों पर शराबियों का आतंक बढ़ेगा और अराजकता की स्थिति निर्मित होगी। शिकायतकर्ताओं ने इस बात पर हैरानी जताई है कि आखिर अब एक और दूकान यहां खोलने की जरूरत क्या है, क्योकि चंद कदमों की दूरी पर ही शहडोल जिले के अमलाई की लायंसेसी शराब दुकान पूर्व से संचालित है। इसके साथ ही सबसे बडी बात यह है कि सडक के दोनो ओर पेट्रोल पंप है, ऐसे में पूरे समय आवाजाही होने से शराबियों के आंतक से असमय घटना घटित हो सकती है। क्योकि वहां शराब क्रय करने पहुंचने वाले लोगों के वाहनों को खड़ा करने की भी जगह नही है। ऐसे में विवाद होना अवश्यंभावी हो जाता है। इन परिस्थितियों को देखते हुए यहां शराब दूकान संचालित करने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

### अहाता भी बंद कराना जरूरी

पार्षदों का कहना है कि लाईन के उस पार बरगवां की लायसेंसी शराब दुकान के बाजू से चल रहे शौकीन अहाते को भी बंद कराना चाहिए। क्योकि अहाते में बैठकर शराब पीने के बाद मारपीट व गाली-गलौच यहां आम है। ऐसा नही कि इससे पहले इसका विरोध नही किया गया या प्रशासन को शिकायत नही की गई, लेकिन चल रही व्यवस्था को अब पार्षदों ने एकजुट होकर बंद कराने निर्णय ले लिया है। वह हर हाल में अपने नगर परिषद क्षेत्र में शांति चाहते है और शराब को लेकर किसी का सर फूटे, किसी का घर टूटे और कोई बेघर हो जाये यह जनप्रतिनिधि कतई बर्दास्त नही करेंगे। उन्होने एक संकल्प लेकर इस मामले में मोर्चा खोलने का निर्णय लिया है।

### मुखरित हुआ पार्षदों का विरोध

प्रशासन की चुप्पी से जनप्रतिनिधियों ने अपने विरोध प्रदर्शन को प्रबल कर दिया है। उन्होने अपने टेंट लगा दिए हैं। नगर परिषद बरगवां अमलाई के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने साफ कर दिया है कि नवीन स्थल पर वह शराब दुकान नही खुलने देंगे और इस बार किसी भी हाल में अहाते का संचालन नही होने दिया जायेगा। उधर पार्षदो ने बताया कि नवीन स्थल पर जहां शराब दुकान खोली जा रही है, उसके एक ओर इलेक्ट्रानिक उपकरण की दुकान है तो दूसरी ओर आमजनों उपयोगी वस्तुओं मिलने की दुकान है। ऐसे में वहां शराब दुकान खुलने से क्या स्थिति होगी पहले तो ठेकेदार को ही समझना चाहिए और बाद में प्रशासन खुद अपनी गाइडलाईन को देखे। आखिर बस्ती के अंदर सरेआम नशा बेचने का औचित्य क्या है। इसके दुष्प्रभाव का जिम्मेदार कौन होगा?

## खबर संक्षेप

### अपर कलेक्टर ने तालाब जीर्णोद्वार में किया श्रमदान



**शहडोल।** जिले में 30 जून तक जल संवर्धन अधियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्य किए जा रहे। जल संवर्धन अभियान में आम जन भी बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बने तालाब, नाले, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपर कलेक्टर सरोधन सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एम.पी.सिंह ने जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत मलया 2 के फूटहा तालाब में जीर्णोद्वार के कार्य में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया तथा आम जन से जल संरक्षण करने की अपील भी की।

### थ्रेसर में फंसकर आदिवासी महिला मजदूर की मौत



**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम बुढ़हान रामपुर में एक दर्दनाक हादसा घटित हुआ है, इस हादसे में ग्राम नरवार निवासी विधवा महिला फूल बाई पति स्व.तम्मा बैगा उम्र करीब 40 वर्ष के मौत की खबर है, इस दर्दनाक हादसे में महिला का हाथ शरीर से अलग हो गया है,वही कमर से ऊपर का शारीरिक भाग गम्भीर रूप से चोटिल हुआ है। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे नरवार निवासी कृषक खेत पर थ्रेसर की मदद से चना गाहने का काम करा रहा था, थ्रेसर जरहा निवासी किसी कारोबारी का था, इसी दौरान लापरवाही वश महिला थ्रेसर की चपेट में आ गई और गम्भीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद आनन-फानन में थ्रेसर मालिक ने मानवीयता का परिचय देते हुए ऑटो की मदद से घायल महिला को अस्पताल भेजा, परन्तु दुर्भाग्य से महिला की मौत रास्ते मे हो गई। महिला की मौत के बाद मृतिका को वापस गांव ले आया गया है,हालांकि कुछ देर के बाद महिला को जिला अस्पताल लाया जायेगा, जहां पीएम आदि की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। मृतिका के पति दम्मा बैगा का पूर्व में ही देहांत हो गया था, जिसके बाद मृतिका मजदूरी आदि कर परिवार का जीविकोपार्जन कर रही थी, परिवार में एक बेटा और एक बेटी है, जिसके जीविकोपार्जन की पूरी जिम्मेदारी मृतिका को थी, इस हादसे से परिवार के जीविकोपार्जन पर भी बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। घटना के बाद हादसे की खबर संबंधित नोरोजाबाद पुलिस को दी गई है,जल्द ही नोरोजाबाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर ज़रूरी कार्यवाही पूर्ण कर शव कब्जे में लगी और पीएम आदि की कार्यवाही करेगी।

# 6 अप्रैल को श्री रामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व

**शहडोल।** प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन-अनूपपुर, पन्ना, सतना, निवाड़ी, शहडोल, उमरिया के सहयोग से श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर एक दिवसीय 'प्राकट्य पर्व' का आयोजन 6 अप्रैल को मध्यप्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर एक साथ सायं 7 बजे से किया जाएगा। सभी स्थलों पर सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम की महिमा दिखेगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

संचालक, संस्कृति डॉ. पूजा शुक्ला ने बताया कि मध्यप्रदेश के छह प्रतिष्ठित स्थलों पर श्रीरामनवमीं के पवित्र अवसर पर प्राकट्य पर्व के आयोजन का उद्देश्य आम जन को सांस्कृतिक स्वरूपों में श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का आस्वादन और भगवान राम के सम्बन्ध में पौराणिक मान्यताओं से परिचित कराना है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला अनूपपुर के कोतमा में स्थित सीतामढ़ी में श्री गोविंद सिंह यादव एवं साथी, गंजबासौदा द्वारा बुन्देली लोकगायन, इसके बाद सुश्री आकृति जैन एवं साथी, भोपाल द्वारा राम अर्पण नृत्यनाटिका और अंत में श्री पवन तिवारी एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

जिला सतना स्थित चित्रकूट में राघव प्रयाग घाट, बिजावर मंदिर, नयागांव में सुश्री मणिमाला सिंह एवं साथी, रीवा द्वारा बघेली लोकगायन, इसके बाद रंग त्रिवेणी सामाजिक एवं सांस?कृतिक समिति, भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका शबरी और अंतिम प्रस्तुति स्वप्निल मैलोडी ग्रुप, जबलपुर द्वारा भक्ति गायन की होगी।

जिला निवाड़ी के ओरछाधाम स्थित श्रीराम राजा मंदिर प्रांगण में श्री रामकुमार प्रजापति एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा बुन्देली लोकगायन, इसके बाद रंगरेज कला समूह, उज्जैन के कलाकारों द्वारा नृत्यनाटिका रामजन्म की कथा और अंतिम प्रस्तुति वृन्दावन की सुश्री आस्था गोस्वामी एवं साथी द्वारा भक्ति गायन की होगी।

जिला पन्ना के जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में कडोरी प्रजापति एवं साथी, सागर द्वारा बुन्देली लोकगायन, अघ्र्य कला समिति भोपाल के कलाकारों द्वारा राम की शक्ति पूजा और अंत में संजय शुक्ला एवं साथी, मुम्बई द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

जिला उमरिया के मंगल भवन परिसर में मुनीन्द्र कुमार मिश्रा एवं साथी, शहडोल द्वारा बघेली लोकगायन, इसके बाद सुश्री अवंतिका दुबे एवं साथी, खजुराहो द्वारा नृत?य नाटिका राम आरंभ की प्रस्तुति और अंत में श्री गिरीश ठाकुर एवं साथी, सिवनी और सुश्री मुस्कान चौरसिया एवं साथी, बालाघाट द्वारा भक्ति गायन की सभाएं सजेंगी।

जिला शहडोल के श्रीराम जानकी (पंचायती) मंदिर में भवानी दास अहिरवार एवं साथी, जबलपुर द्वारा बुन्देली लोकगायन, इसके बाद सुश्री अमिता खरे एवं साथी, भोपाल द्वारा नृत्यनाटिका राम प्रसंग और अंत में दीन भवत - अखिलेश राजा एवं ग्रुप, जबलपुर द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी जाएगी।

### स्व.राजाराम अवस्थी की स्मृति मे रेलवे स्टेशन में लगाये गये वाटर कूलर



**शहडोल।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समाजसेवी स्वर्गीय राजाराम अवस्थी की स्मृति में उनके पुत्र अजय अवस्थी प्रदेश सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं समाज सेवी संजय अवस्थी के सौजन्य से शहडोल रेलवे-स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक व दो मे एक-एक वाटर कूलर लगवाए गए। अजय अवस्थी ने बताया कि गर्मी के मौसम मे रेलवे-स्टेशन मे यात्रियों को वाटर कूलर के माध्यम से शीतल जल की सुविधा मिलेगी जिससे उन्हें पानी बाटल खरीदने के लिए अनावश्यक खर्च नहीं करना पड़ेगा।इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी,नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल,समाजसेवी संजय अवस्थी,जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला,पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, पूर्व पार्षद जितेंद्र सिंह, मनोज बेहरा, काँग्रेस शोसल मीडिया जिलाध्यक्ष प्रीतेश द्विवेदी, पार्षद हीरालाल प्रजापति,पार्षद आयूषी गजभिए, पार्षद दानिश अहमद, पार्षद विकास मिश्रा, पार्षद विकास मिश्रा, पार्षद राजा यादव,प्रीतम दास सोनी, नईम अहमद, लवकेश रेड्डी, वरुण पाल, जसवीर सिंह दुआ, रेल्वे यूनियन के बाला जी, सावन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव



### जिले में प्रारंभ हुआ स्कूल चले हम अभियान

**शहडोल।** जिले में 4 अप्रैल 2025 तक चलने वाले स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा तिलक, फूलमाला पहनाकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। इसी कड़ी में आज विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता निभाई तथा विद्यार्थियों को तिलक व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। स्कूल चले अभियान के तहत ब्यौहारी के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी, महर्षि सांदीपनी विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विधायक ब्यौहारी शरद कोल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सौम्या आनंद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता निभाई तथा छात्राओं को पुस्तके वितरित कर विद्याार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार स्कूल चले अभियान के तहत जिले के अन्य विद्यालयों में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# समाजसेवी धीरू शर्मा ने आरंभ कराया 9 दिवसीय भंडारा



### श्रद्धालु प्रतिदिन कर रहे भरपेट भोजन

**बिरसिंहपुर पाली।** समाजसेवा की मिशाल कहे जाने वाले नगर के युवा व्यवसाई समाजसेवी व दवा विक्रेता संघ उमरिया के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा धीरू ने फिर एक बार समाजसेवा के उद्देश्य से चैत्र नवरात्र महापर्व में नौ दिवसीय भंडारे का आयोजन बैठकी से आरंभ कराया है। धीरू शर्मा ने अपने निज निवास के सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया है जहां सुबह दर्शनार्थियों को चाय बिस्किट नाश्ता का प्रबंध करते है वहीं दोपहर से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन अलग अलग पकवान व्यंजन के साथ भोजन का वितरण खुद अपने हाथों से करा रहे है। उल्लेखनीय है कि उनके द्वारा नवरात्र की पंचमी से विशेष अलग बेहतर व्यवस्था के साथ प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें नगर के पल्लेदार नगर पालिका के सफाई कर्मी समाजसेवी महिला पुरुष सभी विभाग के कर्मचारियों को विधिवत बैठाकर भरपेट भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाता हैं, वहीं गरीब असहाय परिवार सहित नगर पालिका के सफाई कर्मी व पल्लेदारों को उपहार भी प्रदान किए जाते है। नगर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान कुशलेंद्र मेडिकल स्टोर के संचालक धीरेन्द्र शर्मा का कहना है उन्हें यह तालीम उनके पूज्य पिता स्वर्गीय डॉक्टर आर के शर्मा से प्राप्त हुई थी जिनकी याद में वह प्रतिवर्ष दोनों नवरात्र को आयोजित करते है। युवा समाजसेवी धीरेन्द्र शर्मा धीरू भैया के पूज्य पिता बैकुंठवासी डॉक्टर आर.के . शर्मा पाली नगर के वरिष्ठ चिकित्सक और पूर्व खंड चिकित्सा अधिकारी थे, जो अपने समय में वह भी समाजसेवा के एक मिशाल कहे जाते थे। उनके द्वारा चिकित्सीय निःशुल्क सेवा और सामाजिक कार्यों की सेवा के लिए उन्हें आज भी मिशाल के रूप में क्षेत्रवासी याद करते है। उसी क्रम में समाजसेवी धीरू शर्मा भी उनके पद चिन्हों पर चलकर क्षेत्र में सामाजिक कार्यों पर अपनी भागीदारी तय की जा रही है, जिसमें गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह में सहयोग चिकित्सकीय सेवा में उत्कृष्ट सहयोग दीन हीन परिवार के पालन पोषण में सहयोग आदि पर अनोखी सेवा की मिशाल लगातार देखने को मिल रही है। बहरहाल समाजसेवी धीरू शर्मा की इस निस्वार्थ सेवा को देखकर सभी यह कहते है , दीनहि सबको लखत है दीनहि लखे न कोय जो दीनहि को लखत है दीन बंधु सम होय।



## खबर संक्षेप

### शासकीय कामकाज की शुरूआत

**उमरिया।** संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम की उपस्थिति में संगीतमय वंदेमातरम, जन गण मन तथा मध्यप्रदेश के गान के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा दीवार लेखन का कार्य



**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है । जागरूकता अभियान के तहत दीवार लेखन के माध्यम से आम जनों को जल के महत्व के संबंध में समझाया जा रहा है। दीवार लेखन के माध्यम से पानी का संरक्षण करने से जीवन का संरक्षण होने, जल है कल है, जल ही जीवन है, हम सबकी यही पुकार, जल न व्यर्थ बहे बेकार, पानी को बचायेगे, देश मे खुशहाली लाने का संदेश दिया जा रहा है । कांता देवी अंत्योदय सेवा समिति नवांकुर संस्था सेक्टर चंदिया विकासखंड करकेली द्वारा गांव गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान हेतु दीवाल लेखन किया जा रहा है ।

### जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने जिले के दूर दराज से आए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण कराया। जन सुनवाई में फूलचंद काछी वार्ड नंबर 1 माडवारी मोहल्ला चंदिया ने मुआवाजा राशि दिलाने, ज्योति पांडेय झिरिया मोहल्ला ने घर का रास्ता बहाल कराने, राजवती राय सरसवाही ने रोजगार दिलाने, शिव प्रसाद सिंह करही ने पीएम आवास दिलाने, नारेन्द्र महार ग्राम सिलपरी ने तीन माह की मजदूरी दिलाने, नारायण लाल साहू वार्ड नंबर 4 बिंझला ने बिजली बिल सुधरवाने, फूलचंद सिंह गोरइया ने सुरक्षा श्रमिक के पद रखे जाने तथा नत्थू लाल महोबिया ग्राम महरोई ने समग्र आईडी अपडेट करानें संबंधी आवेदन दिया । जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले सहित जिला प्रमुख अधिकारियों ने भी आम जनों की समस्याओं को सुना।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में गगन ने किया टॉप



**अनूपपुर।** शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 में कक्षा 6वी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में जिले के जमुना कोतमा क्षेत्र अंतर्गत भालूमाड़ा संतोषी सफाई निवासी गुंजन प्रजापति के सुपुत्र गगन प्रजापति ने जिले में टॉप किया है। गुंजन प्रजापति कोतमा में संचालित सेंट जोसफ कॉन्वेंट स्कूल का छात्र है तथा वर्तमान सत्र में कक्षा 5वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। गुंजन ने पढ़ाई में मेहनत के दम पर चयन परीक्षा में टॉप कर अपने माता पिता, गुरुओं तथा नगर का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता पिता, परिवार, मित्रों, गुरुओं, शुभचिंतकों तथा नगर के वरिष्ठ नागरिकों और समाजसेवियों द्वारा उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

---

### कटघरे में प्रशासनिक कार्यप्रणाली, भ्रष्टाचारियों पर नहीं होती कार्यवाही

# करकेली जनपद में दम तोड़ चुकी नदी पुनर्जीवन योजना

**उमरिया।** सरकार ने दम तोड़ रही कई नदियों के पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाया था, लेकिन पूरी योजना ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई, जिससे मकसद कामयाब नहीं हो सका, लाखों रूपये की लागत से निर्माण कार्य करने की पीछे सरकार का उद्देश्य था कि लोगों को स्वच्छ पानी मिले, लेकिन पूरी योजना में जिम्मेदारों ने सेंध लगा दी, पंचायत में नौकरशाहों ने खुलकर मनमानी की, शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना प्रशासनिक कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है। जिले की जनपदों में किस स्तर का भ्रष्टाचार होता है, यह जिला पंचायत एवं कलेक्टर कार्यालय को छोडकर आमजनमास को पता है, बीते दिनों करकेली जनपद की सीईओ लोकायुक्त की रडार में आई, जिसके बाद ईमानदारी का ढोल पीटने वालों की कलई खुलकर सामने आ गई, शिकायतकर्ता की मजबूरी और कारोबारियों की शक्ल ले चुके वरिष्ठों की कार्यशैली को जानने वाले पंचायत के सरपंच ने जनपद सीईओ की शिकायत लोकायुक्त से करना ज्यादा मुनासिब समझा, करकेली जनपद में नदी पुनर्जीवन के नाम पर करोड़ों रूपये स्वाहा होने के बावजूद वांछित नतीजे नहीं सके, अफसरशाही और भ्रष्टाचार ने नदी का दम ही घोट दिया है, अदालतों और राष्ट्रीय हरित अधिकरण में नदी के पुनर्जीवन की लड़ाई चल रही है, लेकिन जिले में करोड़ों रूपये खर्च होने के बावजूद भू-जल स्तर नीचे जा रहा है। आज नदी अपने वजूद के लिए तरस रही है, हालत यह है कि गर्मी के दिनों में नलकूपों की सांसे भी फूलने लगती है, नदी को पुनर्जीवित करने की बजाए, जिम्मेदारों ने इसे भ्रष्टाचार की जरिया बनाया और जमकर योजना में बंदर-बांट की।




### मशीन-ठेके सहित ठेके पर काम

करकेली जनपद की नरवार-29 पंचायत में योजनाओं के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन जनपद से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदारों ने कभी सुध नहीं ली, पंचायत में जो जल संरक्षण के कार्य कराये गये हैं, जैसे कि बड़े तालाब जिनमें अपस्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम के स्लोप का ध्यान नहीं रखा गया है, इसी तरह लघु व बड़े तालाब का काम मशीनों व ठेके से कराया गया है। स्टॉप डैम व रपटा का स्थल चयन उपयुक्त स्थान पर नहीं है। मनमर्जी से लघु तालाब, बड़े तालाब, स्टॉप डैम, रपटा निर्माण कराया गया है, जिसमें एसडीओ व उपयंत्रियों ने खुद ठेकेदारी कर काम कराने की चर्चा अपने उफान पर है, मजे की बात तो यह है कि लगभग निर्माण कार्यों में स्टीमेट से हटकर काम हुआ, लेकिन तकनीकि जिम्मेदारों को कोई खामी नजर नहीं आई।

### टू-वैली सिद्धांत का दरकिनार

नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम के माध्यम से कैचमेन्ट एरिया में मृदा एवं जल संरक्षण की संरचनाएँ बनाकर सूख चुकी या सूखने की कगार पर पहुँच चुकी नदी के प्राकृतिक प्रवाह को पुनर्जीवित किये जाने का उद्देश्य रहा, प्रदेश के लगभग 45 जिलों में नदी पुनर्जीवन कार्यक्रम 2019 से क्रियान्वित किया जा रहा है। जो वर्ष 2023 तक चलेगा, जिले की लमरी नदी का चयन उक्त परियोजना के लिए किया गया था। नदी पुर्नजीवन कार्यक्रम में ''रिज टू व्हैली'' के सिद्धांत पर विकास कार्य चयनित कर सम्पादित कराये जाने थे। अरबो रूपये के विकास कार्य जिनका उल्लेख विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन में अग्रिम में प्रावधानित कर भोपाल प्रेषित किया गया है। विकास कार्यो को पहाड़ी से घाटी तक श्रृंखला में सम्पादित किया जाना था, लेकिन यहां प्रतिवेदन को दरकिनार कर सीधे टू-वैली सिद्धांत के विपरीत सीधे कार्य कराया गया है, जो आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना

ग्राम पंचायत नरवार-29 में अमृत सरोवर की तालाब की हकीकत सामने है, नियमों के तहत अमृत सरोवर चारों ओर पैदल पथ ऊंची दीवार के साथ सीढ़ी युक्त रैप तालाब में पानी के प्रवेश द्वार, निकासी के लिए आउटलेट-इनलेट तालाब के चारों और तार के माध्यम से फेंसिंग लगाने और बैठने के लिए बेंच आदि का निर्माण कार्य किया जाना था, तालाब के चारो ओर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपना भी एजेड़े में है, लेकिन बीते वर्षो में हुए करकेली जनपद में एक भी अमृत सरोवर कायदों के अनुसार नहीं बनाये गये है। रसातल में जाते जल और भू-जल की उपलब्धता को बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

### फर्जी बिल बाउचर

सरकार की मंशा थी कि ऐसी नदियां जो वर्षाकाल के बाद सूख जाती हैं और इस पर आधारित आजीविका और पारिस्थितिक तंत्र प्रभावित होता है, उन नदियों को सदानीरा बनाया जाएगा। नदी पुनर्जीवन योजना के तहत नदी में बारह माह पानी का सतत प्रवाह बनाए रखने जिले की लमरी नदी का भी चयन हुआ था, लेकिन लाखों खर्च होने के बावजूद लमरी नदी अपनी अस्तित्व की तलाश में है, नदी पुर्नजीवन के तहत लघु तालाब, टैंक, कंट्रूल टैंक, रपटा, स्टॉप डैम लाखों की राशि खर्च कर बनाये गये हैं, लेकिन स्टीमेट के अनुसार कहीं भी कार्य नहीं हुआ है। नदी पुर्नजीवन के नाम पर मनरेगा अधिकारी, एसडीओ तथा करकेली जनपद के अन्य सब इंजीनियर योजना के लिए ग्रहण बन गये, आज लमरी नदी की हालत धरातल पर जाकर देखा जाये तो, वह स्वयं अपने अस्तित्व की तलाश करती देखी जा सकती है। फर्जी बिल बाउचर बनाकर शासन द्वारा भेजी गई राशि में जमकर जिम्मेदारों ने सेंध लगाई है।

---

### विधायक बांधवगढ़, कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्कूल चले हम अभियान की शुरूआत

# शिक्षक एवं समाज हर बच्चे को स्कूल अवश्य भेजे: कलेक्टर







### बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर है: विधायक

**उमरिया।** बच्चे देश की तकदीर एवं तस्वीर है , शिक्षक एवं समाज इन्हें सजाये एवं संवारे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा का लोक व्यापीकरण करते हुए स्कूल चले हम अभियान प्रारंभ किया था । जिसका उददेश्य हर उस बच्चे को जो स्कूल जाने योग्य है , की शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना , उसके भविष्य को सजाना एवं संवारना तथा देश की उन्नति में सहभागी बनाना है । शिक्षक, समाज तथा अभिभावक समन्वित प्रयास करके बच्चों को पढाने तथा उन्हे आगें बढ़ाने का संकल्प लें जिससे उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आए । यह विचार बांधवगढ विधायक शिवनारायण सिंह ने पीएम श्री शासकीय बालक उमावि कालरी में स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, शिक्षक एवं समाज हर बच्चे को स्कूल अवश्य भेजे ।शिक्षक स्कूल क्षेत्र में आने वाले ग्रामों में घर घर भ्रमण कर बच्चों को प्रवेश दिलाएं । आपने कहा कि स्कूल चले हम अभियान यह प्रथम दिन है । यह अभियान चार दिवसीय होगा । दूसरे दिन स्कूल में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा खिलाडी स्कूलों में पहुंचकर अपना अनुभव देंगे तथा स्कूल के विकास के लिए यथा संभव दान करेंगे । तीसरे दिन स्कूलों में खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । चौथे दिन हार के आगे जीत कार्यक्रम के तहत परीक्षा में असफल बच्चों को प्रेरित कर उन्हें शिक्षा से जोडने के प्रयास किये जाऐगे ।

सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि जीवन एवं व्यक्तित्व का विकास शिक्षा से ही संभव है । सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से प्रदेश सरकार व्दारा विद्यार्थियों को हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है । जिसमें निशुल्क पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन, गणवेश, सायकिल, छात्रावास, आश्रम, शिष्यवृत्ति आदि शामिल है । आपने कहा कि कोई बच्चा स्कूल में प्रवेश से वंचित नही रहें यह जवाबदारी हम सबकी है । हम सबकों इसे पूर्ण समर्पण भाव से निभाना होगा ।

जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान प्रवेश उत्सव का जिले भर मे व्यापक प्रचार प्रसार किया गया है । पूरे जिले में संचालित स्कूलों में यह उत्सव मनाया जा रहा है । शासन व्दारा विद्यार्थियों के लिए 32 प्रकार की छात्रवृत्ति, स्कूटी प्रदाय , लैपटाप प्रदाय करनें की भी योजना है । आधुनिक शिक्षा से जोडने के लिए कम्प्यूटर लैब तथा स्मार्ट क्लास भी संचालित की जा रही है ।

इसके पूर्व अतिथियों के साथ कक्षा 1 शासकीय प्राथमिक शाला छटन कैंप में प्रवेश लेने वाले धर्मवीर ने दीप प्रज्ज वलन कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया । विधायक बांधवगढ शिवनारायण , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह तथा अन्य अतिथियो ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक एवं रोली लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विद्यार्थियों ने भी गुलाब का फूल भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया । साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के सेट भी प्रदाय किये गये । इस अवसर पर डीपीसी संजय सिंह बघेल , डाइट प्रचार्य, समस्त सहायक संचालक ,शिक्षा धनुषधारी सिंह , चंद्रप्रकाष दुबे, पठारी सरपंच गोविंद प्रसाद गौतम, पार्षद संजय पांडेय, राजू कोल, राजा तिवारी , हरी गुप्ता , संतोष सिंह, आर सी स्कूल के संचालक विश्वजीत पांडेय , सहित प्रदीप सिंह गहलोत, बी आर सी विनय चतुर्वेदी, विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक , विद्यार्थी, पत्रकार उपस्थित रहे । कार्यक्रम में आर सी स्कूल छात्रो ने विष्णु व्दिवेदी के नेतृत्व में सरस्वती गीत, स्वागत गीत, मध्यप्रदेश गान, राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्रा ने किया ।

---



# सिंचाई जलाशय कोइलारी में किया गया श्रमदान

### आज तुम जल बचाओ, कल वह तुम्हे बचायेगा

**उमरिया।** जल का संरक्षण भविष्य का संरक्षण है । आज तुम जल बचाओ, कल वह तुम्हे बचायेगा । यह बात कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रदेश सरकार व्दारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग व्दारा बनाये गये कोइलारी जलाशय में आयोजित श्रमदान के अवसर पर कही । जिले में लगातार जल संरचनाओं के संरक्षण , संवर्धन एवं उन्हें पुर्नजीवन देने का कार्य किया जा रहा है । इसी श्रृंखला में कोइलारी जलाशय में प्रातः काल श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें स्थानीय लोगों , जल संसाधन विभाग का अमला, कार्यपालन यंत्री लोक स्वा0 यांत्रिकीय एच एस धुर्वे, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, सरपंच दुर्गी बाई, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक, समाजसेवी शिशुपाल सहित सैकडो लोगो ने भाग लिया।



कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सरोज सिंह ने बताया कि कोइलारी जलाशय का निर्माण वर्ष 1967 में किया गया था । जिसकी जल संग्रहण क्षमता 0.44 मिलियन क्यूविक लीटर है। सिंचाई क्षमता 91 हे0 है । इस जलाशय से चंदवार एवं कोइलारी गांव के किसानों के खेत में सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जा रहा है । उन्होने बताया कि जल संसाधन विभाग व्दारा 25 सिंचाई परियोजनाओं में श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे जिसमें बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में 15 तथा मानपुर विधानसभा क्षेत्र के 10 सिंचाई परियोजना शामिल है।

---

# क्षेत्र में लहराया सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय बिजुरी का परचम

### कक्षा 5वीं और 8वीं के बोर्ड परीक्षा के समस्त छात्र प्रथम श्रेणी में आकर किया विद्यालय का नाम रोशन



**बिजुरी।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के कक्षा 08वीं व 05वीं की बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा.वि. बिजुरी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 08वीं में 101 विद्यार्थी व कक्षा 05वीं में अध्ययनरत 91 विद्यार्थी बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित हुए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 08वीं की परीक्षा में विद्याल में अध्ययनरत भइया अभिनव तिवारी ने 89.60 प्रतिशत अंको के साँथ कक्षा में प्रथम स्थान अर्जित किया, जबकि कक्षा 05 में बहिन आरुषि केशरवानी ने 92.50 प्रतिशत अंकों के साँथ कक्षा में प्रथम स्थान पर रही। सभी भइया बहनों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना विद्यालय के लिए असाधारण उपलब्धि है, भइया बहनों की इस शानदार उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, प्रधानाचार्य सहित आचार्य परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है, वहीं प्रबंधन समिति ने इस असाधारण उपलब्धि का श्रेय बच्चों की लगन और श्रम के साँथ आचार्यों की कुशल अध्यापन क्षमता और अनुभव को देते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

---

# दुर्गा के स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि विधान से हुई पूजा

**कोतमा।** नवरात्र के तीसरे दिन देवी मंदिरों में दुर्गा के स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि विधान से पूजा अर्चना हुयी। मां के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भीड़ भोर पहर से ही उमड़ पड़ी। सुबह से ही दुर्गा मंदिरों में खासी भीड़ देखने को मिली वहीं, घरों में भी विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना की गयी।



मंगलवार को मां चंद्रघंटा के स्वरूप के दर्शन भक्तों ने ठाकुर बाबा धाम मंदिर शारदा काली मंदिर पंचायती मंदिर धर्मशाला मंदिर बूढी माता मंदिर गोहंड्रा स्थित काली मंदिर गोविंद कॉलोनी दुर्गा मंदिर लहसुई कैंप पारसी धाम मंदिर के दुर्गा मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना की। दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। माता के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। पंडित मोहन द्विवेदी ने बताया कि मां चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इस दौरान भक्तों ने उपवास रखकर व दुर्गा शप्तशती पाठ करके मां को प्रसन्न किया। वहीं सुरक्षा के लिहाज से मंदिर परिसर के बाहर पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गयी है।

### भजन कीर्तन कर लिया आशीर्वाद

धार्मिक स्थलों पर लोगों ने मुंडन व कर्णछेदन जैसे संस्कार कार्यक्रम भी कराये। दुर्गा मंदिरों में तड़के सुबह चार बजे से खासकर महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। मान्यताओं के अनुसार, महिलाएं दूर-दराज के गांवों से नंगे पैर मां की चौखट पर अपनी मनोकामना पूरी होने की कामना करने पहुंची। भक्तों ने घरों व मंदिरों में कन्या भोज भी कराया। वहीं, मंदिरों में महिलाओं ने मां के भजन कीर्तन, गीतों को गाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

# सेवानिवृत्त होने पर कोल कर्मी नानसाय का किया सम्मान



**राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरतराई कालरी में रिले ए के एलएचडी ऑपरेटर नानसाय 38 वर्ष की सेवा करने के पश्चात 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। नानसाय ने बताया कि 1987 में कोतमा वेस्ट 7-8 खदान में भर्ती हुए थे। स्थानांतरण तत्पश्चात आमाडांड भूमिगत उपक्षेत्र के बरतराई कालरी में वर्तमान में रिले ए में एलएचडी ऑपरेटर के रूप में कार्यरत थे। रिले ए पाली प्रभारी स्वप्निल गनवीर तथा खेल प्रकाश साहू द्वारा मंच पर सभी श्रमिकों के बीच नानसाय का साल, श्री फल तथा फूल माला से सम्मान किया। पाली प्रभारी स्वप्निल गनवीर ने अपने उद्बोधन में कहा, कि नानसाय हमारे पाली ए के वरिष्ठ एलएचडी ऑपरेटर थे। कार्य के दौरान सुरक्षित रूप से इन्होंने नियमों का पालन कर कार्य किया। आज हमारे रिले ए से एक अनुभवी, सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पाली प्रभारी खेल प्रकाश साहू द्वारा नानसाय का मुंह मीठा कराया। तथा नानसाय के सेवानिवृत्त होने पर उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ कि उन्हें शुभकामनाएं दी। रिले ए की तरफ से नानसाय को उपहार दिया गया। इस दौरान रिले ए, के माइनिंग सरदार सुरेंद्र सिंह, नीरज केवट, सुधा दास, दीप नारायण प्रजापति, राहुल, गंगाराम त्यागी (एमटीके) विश्वनाथ मैकेनिकल फोरमैन, भारती बाबू इलेक्ट्रिकल फोरमैन तथा एलएचडी ऑपरेटर होली राम, शिव प्रसाद, दलवीर, दद्दी सिंह, तथा कैरीयर लक्ष्मण, विष्णु, लाल दास द्वारा नानसाय के उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

---

# उमावि जैतहरी में हुआ विद्यालय प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम

**जैतहरी।** कार्यालय उप सचिव मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के दिए गए निर्देशानुसार एवं कार्यालय आयोग की जनजाति कार्य मध्य प्रदेश के आदेश में विद्यालय प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत जैतहरी के पर आई टी सेल प्रभारी दिनेश कुमार केवट एवं विद्यालय प्राचार्य हेमन्त कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

उक्त कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिकाय एवं बच्चों ने सहभागिता की कार्यक्रम को शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वल कर एवं पुष्प अर्पित कर छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना किया गया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि एवं बालकों की उपस्थिति बच्चों को चंदन वंदन करते हुए पुस्तक वितरण किया गया अंत में छात्रों को मिष्ठान विस्तृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।



खबर संक्षेप



## कमान संभालते ही देखी एसईसीएल के नये सीएमडी दुहन का प्रथम कोयलांचल दौरा



**धनपुरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एसईसीएल के नये सीएमडी हरीश दुहन 27 मार्च को पदभार ग्रहण करने के उपरांत 31मार्च को सोहागपुर कोयलांचल में पहली बार आगमन हुआ है। श्री दुहन को पर्यावरण-हितैषी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन, डिजिटलीकरण तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में विशेष अनुभव प्राप्त है। नए सीएमडी दुहन पदभार ग्रहण से यह माना जा रहा है कि सोहागपुर एरिया का उत्थान सुनिश्चित प्राय है।रामपुर ओसीएम निरीक्षण सोहागपुर एरिया का दौरा का पहला दौरा 31 मार्च को किया गया 31 मार्च को वार्षिक कोयला टारगेट का अंतिम दिन माना जाता है। सबसे पहले सोहागपुर एरिया पहुंचते ही सीएमडी का सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक ने स्वागत करते हुए मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा ओसीएम निरीक्षण और खदानों चहुंओर मुआयना किया गया जहां रामपुर बटुरा उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप शर्मा ने सीएमडी साहब का स्वागत किया रामपुर बटुरा वार्षिक टरगेट 15 लाख टन के एवरेज में 17 लाख टन से अधिक कोयला उत्पादन करने सफलता पर रामपुर बटुरा सभी लोगों बधाई दिया है। तत्पश्चात शारदा ओसीएम खदान पहुंच हाईवाल मशीन का निरीक्षण किया गया। और अमलाई ओसीएम, खदान का निरीक्षण किया गया। थपथपाई पीठसोहागपुर एरिया खदानों का सीएमडी हरीश दुहन ने निरीक्षण के पश्चात सोहागपुर एरिया में सीएमडी एरिया के सभी अधिकारियों की बैठक ली गई जहां सोहागपुर एरिया वार्षिक कोयला टारगेट 64 लाख टन 26 मार्च को यानि 7 दिन पहले करने सफलता प्राप्त कर लिया था और 31 मार्च को टारगेट से 2लाख अधिक कोयला उत्पादन करने सफलता पर सोहागपुर एरिया सभी उपक्षेत्रीय प्रबंधक, खान प्रबंधक कोयला उत्पादन जुड़े सभी लोगों बधाई दी और आगे भी इसी तरह से कोयला टारगेट पूर्ण करने की बात कही। अगला टारगेट 70 लाख टन सोहागपुर एरिया को नया 2025-26 का वार्षिक कोयला टारगेट 70 लाख टन पिछले वर्ष की तुलना में 6 लाख टन अधिक मिला है। सोहागपुर एरिया में एसईसीएल के नए सीएमडी पहुंचे ही सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया इसी तरह से रामपुर बटुरा ओसीएम उपक्षेत्रीय प्रबंधक, शारदा ओसीएम के उपक्षेत्रीय प्रबंधक, अमलाई ओसीएम उपक्षेत्र उपक्षेत्रीय प्रबंधक ने खदान पहुंचे पर सीएमडी साहब का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया और खदानों का अवलोकन करते हुए कोयला उत्पादन संबंधी जानकारी दी गई।

# सर्व हिंदू समाज द्वारा निकाली गई सनातन यात्रा

ब्यौहारी।

ब्यौहारी हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा पर सर्व हिंदू समाज यात्रा द्वारा श्री राम जानकी और हनुमान की सनातन यात्रा नगर में निकाली गई यात्रा का शुभारंभ सुंदी बाई केसरवानी स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड में देवी मंदिर चुंगी नाका, लक्ष्मी नारायण मंदिर मार्ग,गंज मंदिर होकर पुनः स्कूल पहुंची जहां पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर सभी सनातनी बंधुओ द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया शोभायात्रा में सुरक्षा के लिए पुलिस मौजूद रही सहित 500 सनातनी बंधु, भगिनी शामिल हुए।





## नमाज अदा कर मुस्लिम समाज ने मनाई ईद, गले मिलकर एक दूसरे को दी बधाई

ब्यौहारी।

नगर परिषद के अंतर्गत मुस्लिम समाज द्वारा रमजान के पवित्र महीने में एक माह रोजा रखने नियम और अनुशासन में रहने के बाद चांद निकलने के बाद ईद की नमाज अदा की गई उसके बाद सब ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी स्टेट बैंक के पीछे मैदान में हाफिज वसीम राजा द्वारा नमाज अदाकाराई गई हिंदुस्तान में अमन चयन का पैगाम दिया उन्होंने कहा कि इस्लाम हमें नेकी और शांति का राह दिखाता पूरे विश्व में शांति रहे यही अल्लाह का पैगाम है नमाज अदा करने के बाद प्रशासन की तरफ से तहसीलदार एवं नगर निरीक्षक ने ईमाम एवं सदर को ईद की बधाई दी इस दौरान ब्यौहारी कमेटी के सदर मोहम्मद रमजान कादरी भी उपस्थित थे सुरक्षा की दृष्टि से नगर निरीक्षक अरुण पांडे तहसीलदार अजय पांडे एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

## नव प्रवेशी बच्चों को विधालय में कराया प्रवेश प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में छात्रों को किये गणवेश वितरण



बुढार।

स्कूल चलो अभियान वर्ष 2025 - 26 जिला स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही प्रांगण में विधानसभा क्षेत्र जैतपुर के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में एवं जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हर्ष प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत के सदस्य के साथ-साथ ग्राम पंचायत केशवाही एवं आसपास के सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधि गण शामिल हुए तथ एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग डीपीसी अमरनाथ सिंह सहायक आयुक्त आनंद राय सिंहा एवं जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची की विशिष्ट रूप से उपस्थिति रही। जनपद शिक्षा केंद्र बुढार के समन्वयक सीताराम दुबे बीएससी मनोज शुक्ला, प्रमोद पारस ,भूपेंद्र प्रसाद मिश्रा एवं समस्त जन शिक्षक के साथ-साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही के समस्त स्टाफ सम्मिलित हुए । कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को प्रवेश दिलाया गया । कार्यक्रम के मंच का संचालन महेंद्र त्रिपाठी ने किया।

# यदि जल स्त्रोतों का उचित संरक्षण नहीं किया तो भविष्य में गंभीर जल संकट

ब्यौहारी

बाणसागर बांध के निकट शहीद स्मारक स्थल पर जल गंगा मिशन के तहत एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य जल गंगा मिशन के तहत जल का संरक्षण करना एवं दुरुपयोग से बचाना और लोगों में जल संरक्षण की जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालन यंत्री विनोद कुमार ओझा ने की, जबकि मोहनलाल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में श्री ओझा ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाणसागर बांध का जल पूरी तरह से वितरित किया जा चुका है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल स्त्रोतों का उचित संरक्षण नहीं किया गया, तो



भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।उन्होंने सरकार द्वारा तैयार की गई जल संरक्षण योजनाओं की जानकारी देते हुए जल गंगा मिशन की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही, जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### मुख्य वक्ता और विचार-विमर्श

इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं में आर.बी. पांडे (तुफानी), मोहनलाल गुप्ता, रामजी गौतम, कमलेश त्रिपाठी और सेंट्रल एकेडमी के संचालक रवि मिश्रा ने अपने विचार अभिव्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने जल संरक्षण को सतत विकास का आधार बताते हुए जन-भागीदारी की अपील की। सेंट्रल एकेडमी विद्यालय के विद्यार्थियों ने पेंटिंग प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनकी कलाकृतियों ने जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई।

### उपस्थित गणमान्य अतिथि

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद कुमार ओझा (कार्यपालन यंत्री), विनय मिश्र (उपयंत्री), प्रकाश सिंह (उपयंत्री), कमलेश त्रिपाठी (सहायक अभियंता), देवी अहिरवार (सहायक अभियंता), आर.बी. पांडे (तुफानी), मोहनलाल गुप्ता, रामजी गौतम, रवि मिश्रा (सेंट्रल एकेडमी विद्यालय संचालक) उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर के सिद्धार्थ अग्निहोत्री धीरेन्द्र सिंह, श्रीनिवास मिश्रा पत्रकार ,अमित तिवारी और कमलनयन पाण्डे, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# माँ बिरासिनी सेवा समिति द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

बिरसिंहपुर पाली

माँ बिरासिनी सेवा समिति द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन माँ बिरासिनी मंदिर, गेट नंबर 3, भंडारा स्थल, मेला ग्राउंड, पाली में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।इस शिविर में निःशुल्क रक्त एवं नेत्र जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शुगर, लिवर फंक्शन, किडनी फंक्शन, थायराइड टेस्ट जैसी महत्वपूर्ण जांच सेवाएं दी गईं। शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना था, जो आमतौर पर महंगे मेडिकल टेस्ट कराने में असमर्थ होते हैं।बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया लाभसुबह 11 बजे से शुरू होकर दोपहर 4 बजे तक चले इस शिविर में स्थानीय नागरिकों का भारी उत्साह देखने को मिला। आसपास के गाँवों और कस्बों से भी लोग अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के लिए पहुँचे। अनुभवी डॉक्टरों और मेडिकल




स्टाफ की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया।समिति के प्रयासों की सराहनामाँ बिरासिनी सेवा समिति ने इस शिविर का आयोजन समाजसेवा के उद्देश्य से किया था। समिति के सदस्य ने बताया कि यह पहल भविष्य में भी जारी रहेगी और अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों का भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में मदद की। **डॉक्टरों और स्वयंसेवकों का योगदानः** शिविर में अनुभवी डॉक्टरों और नर्सों की एक टीम ने निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएँ दीं। उन्होंने न केवल मरीजों की जांच की, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच से कई बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव संभव है।समिति के आयोजकों ने घोषणा की कि आने वाले महीनों में इस तरह के और भी शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत अन्य मेडिकल सुविधाओं को भी शामिल किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। माँ बिरासिनी सेवा समिति द्वारा आयोजित यह स्वास्थ्य जांच शिविर समाज के लिए एक सराहनीय पहल साबित हुआ। स्थानीय नागरिकों ने समिति की इस पहल की भरपूर सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहने की उम्मीद जताई।



# आबकारी ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

### शराब दुकान के खिलाफ आंदोलन फिलहाल स्थगित

धनपुरी।

धनपुरी वार्ड नंबर 4 स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप शाहिद विजय शुक्ला स्टैचू व विजय शुक्ला चौक पर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को कहीं और स्थानांतरित किए जाने को लेकर गत दिवस आरंभ हुआ विरोध प्रदर्शन मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है, साथ ही जिला प्रशासन एवं विभाग को यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि आश्वासन पर अमल नहीं हुआ तो भविष्य में राजमार्ग बंद करने जैसे आंदोलन पर विचार किया जा सकता है स्थानीय नागरिकों वजन प्रतिनिधियों द्वारा उक्त शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर पूर्व में शासन प्रशासन को आगाह करते हुए पत्राचार किया गया था कि 31 मार्च को उक्त कार्य वाही न होने पर शहीद विजय शुक्ला प्रतिमा के पासधरना दिया जाएगा। घोषणानुसार सोमवार को धरने पर बैठने वाले में नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष हंसराज तंवर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम सिंह श्रमिक नेता बिना सिंह किशोरी मोहन सिंह महेंद्र सिंह तिलक राज सोनी वह अन्य वार्ड वासी धरने पर बैठे रहे। दूसरे दिन 1 अप्रैल को सुबह से धरने पर बैठे रहे तभी आबकारी विभाग शहडोल द्वारा धरना पर बैठे हंसराज तंवर जी के पास फोन पर बातचीत में यह बताया गया कि हम कार्यवाही कर रहे हैं हम अपने अन्य अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। धरना पर बैठे प्रतिनिधियों ने आबकारी के आश्वासन पर धरना को स्थगित करते हुए एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के नाम पर देते हुए सभी लोगों द्वारा निर्णय लिया गया है कि शहीद विजय शुक्ला की मूर्ति से लगे स्टेट हाईवे पर कार्रवाई न होने पर भविष्य में धरना प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन सहित सभी संबंधित विभाग एवं अधिकारियों की होगी।

# आज पंचमीं मनाया जाएगा ज्योति कलश दर्शन के लिए भक्तों में उत्साह, शक्ति की भक्ति में डूबा मंदिरों में मां के दर्शन उमड़ रहे श्रद्धालु

धनपुरी ।

चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन पंचमी का पर्व शनिवार को मां सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी मंदिर, सहित विलियस नंबर 1काली मंदिर,खेर माता मंदिर,मढिया मन्दिर, में माता के दर्शन करने सुबह से ही सैकड़ों भक्तों की भीड़ लग जाते हैं। पंचमी के दिन स्कंदमाता की पूजा मन्दिरों में व विशेष विविध अनुष्ठान किए जाएंगे। पूरे विधि-विधान से माता का श्रृंगार किया जाएगा। पूजा-अर्चना के साथ दूर दराज से माता के दर्शन करने आए भक्तों के द्वारा पूजा अर्चना फूल माला, श्रीफल और माता की श्रृंगार सामग्री चुनरी आदि अर्पित किए जाते हैं। स्कंदमाता माता की पूजारात में 8 बजे से 9 बजे तक महाआरती भजन कीर्तन भजन के बाद भक्तों को प्रसाद भी वितरण किया जाते। शहर सहित कई गांवों व घरों में भी बुधवार को पंचमी पर्व मनाऐ जाएंगे। विभिन्न रूपों मे मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा-अर्चना महाप्रसाद का वितरण मंदिर प्रांगण में किया जाएगा ।भक्तजन मां की श्रद्धा में लीन हो जाते हैं स्कंद सोनी, ने बताया कि आज पंचमी पर्व से श्रद्धालु जनों भारी उत्साह के साथ पंचमी पर्व मनाया जाता है आज विशेष श्रृंगारनवरात्र पर्व को लेकर साधना आराधना उपासना का पर्व मां ज्वालामुखी मंदिर में आज पंचमी मनाया जाएगा आज नवरात्रि पर्व का चौथा दिन मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी वही पर्व के मद्देनजर दिन भर मंदिरों में मां की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं पूरे समय मन्दिर में श्रद्धाभाव का वातावरण दिन भर बना रहेगा। कहा जाता है कि मां के इस रूप की सच्चे मन से पूजा करने से सभी तरह के रोग दूर हो जाते हैं साथ ही दुश्मनों से भय समाप्त हो जाता है और लंबी आयु का वरदान मिलता है इसके साथ ही मां आध्यात्मिक शक्ति आत्मविश्वास और मन पर नियंत्रण भी बढ़ती हैमनोकामना ज्योति कलशनवरात्र



में पांचवें दिन इसी देवी की पूजा अर्चना की जाती है यह स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया जाता है। ज्योति कलश का महत्व होने के चलते सैकड़ों श्रद्धालुजनो के द्वारा घी का दीप जलाकर अपनी मनोकामना पूर्ण किऐ जा रहे हैं इस बार मिट्टी दिए की जगह तांबे के दिए की व्यवस्था बनाई गई है जिससे तेल का रिसाव ना हो और पूरे समय तक दीपक जले।नवरात्रि में जवारे का महत्वनवरात्रि में किए जाने वाले श्री दुर्गा पूजा के साथ ही यह परंपरा भी चली आ रही है जवारे बोने की जवारे किस प्रकार की औषधि है जो चैत्र माह में बोए जाने वाले जवारे ना केवल पूजन एवं संपूर्णता प्रदान करते हैं बल्कि यदि इनका सेवन किया जाता है वह शरीर को भी स्वस्थ रखते हैं। गेहूं के बोने पर जो एक ही पत्ता उगकर ऊपर आता है उसे जवारा कहा



जाता है नवरात्रि के उत्सव में यह घर घर में छोटे-छोटे मिट्टी के पात्रों में मिट्टी डालकर बोया जाता है गेहूं के जवारे के रस शरीर के लिए यह एक शक्तिशाली टॉनिक है जो होने का मुख्य कारण है । नवरात्रि खत्म होने के बाद इसे अन्य से भरे भंडार में रख देते हैं इसलिए अच्छे विचारों के साथ किया गया व्रत मां सदैव स्वीकार करती है।पूर्व पदाधिकारी सक्रिय मां ज्वालामुखी मंदिर चैत्र नवरात्र पर्व 30 मार्च से 7 अप्रैल तक मां की सेवा में समर्पित भाव लोगों से माता रानी के दरबार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा देने वाले भक्तजनों में महेंद्र सिंह पवार,आकाश कुमार मिश्रा,पुष्पेंद्र सिंह सेंगर,विजय प्रकाश शर्मा,राम सिंह ,शैलेंद्र शर्मा,स्कंद सोनी (पार्षद वार्ड नंबर-24),मैथलीशरण गुप्त, कृष्णराज सिंह राणा, भारत वर्मा, रामपुरन लोधी, काशी विश्वकर्मा, भारत महरा, द्वारिका




विश्वकर्मा, पप्पू महराज, प्रेम नायक अन्य भक्तजन पूरे श्रद्धा भाव के साथ तन मन धन से मां की भक्ति शक्ति मे अपनी सेवा देने में जुटे हुए है। चौकस व्यवस्था नगर के विभिन्न मंदिरों में पंचमी से श्रद्धालुजन बड़े आस्था के साथ मंदिर में पूजा पाठ के लिए सुबह शाम पहुंचने लगे है। मन्दिर टीम श्रद्धालुओं को अच्छे से अच्छा व्यवस्था बनाने में लगे हुए हैं। नगर पालिका साफ सफाई व्यवस्था लाइट व्यवस्था पानी व्यवस्था मे किसी प्रकार की श्रद्धालुओं को परेशानी न हो नगर पालिका कर्मचारी को मुस्तैद कर दिया गया है । धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह अपने दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था मे मुस्तैद देखे जा रहे हैं। मां ज्वालामुखी मंदिर प्रशासनिक व्यवस्था की देखरेख में मां ज्वालामुखी मंदिर में नवरात्रि पर्व सुचारू रूप से किया जा रहा है।

# मौत के सौदागर अवैध क्लीनिक पर प्रशासन की छापेमार कार्यवाही

## भनक लगते ही क्लीनिक का संचालक हुआ फरार, क्लीनिक को किया सील

**दबिश की जानकारी मिलते ही अन्य अवैध क्लीनिकों के भी शटर हुये बंद**

जिले में लंबे समय से अवैध क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी की भरमार है। कोयलांचल मे संचालित ऐसे क्लीनिक संचालकों के द्वारा आए दिन गलत उपचार करके मानव जीवन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं।



अनूपपुर।

कोयलांचल क्षेत्र के कोतमा में मंगलवार को एसडीएम अजीत तिर्की, सीएमएचओ डा. आर के वर्मा, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह, बीएमओ मनोज सिंह की टीम द्वारा मुखर्जी चौक के पास संचालित एक क्लीनिक में छापामार कार्यवाही करते हुए बिना डिग्री, पंजीयन एवं वैधानिक अनुमति के पाए जाने पर क्लीनिक को सील किया गया। संयुक्त टीम के द्वारा छापामार कार्यवाही किए जाने की भनक लगते ही क्लीनिक का संचालक फरार हो गया। टीम को मौके पर किसी प्रकार की डिग्री, पंजीयन सहित जिला स्वास्थ्य विभाग से अनुमति के कोई दस्तावेज नहीं पाए गए। छानबीन में किसी प्रकार की दवाइयों की भी जप्ती नहीं हो सकी। परिजनों के सामने मौका पंचनामा कार्यवाही उपरांत अधिकारियों के द्वारा क्लीनिक को सील किया गया। विदित रहे कि हाल में ही पकरिया निवासी भूषण गुप्ता की मौत के मामले में उक्त क्लीनिक पर गंभीर आरोप भी लगा था। एक सप्ताह तक इलाज उक्त क्लीनिक में चलाए जाने का आरोप मृतक के परिजन लगाए थे। टीम के द्वारा बस स्टैंड सहित अन्य अवैध क्लीनिक में भी दबिश दी गई। छापे की भनक लगते ही नगर की ज्यादातर बिना पंजीयन वाले क्लीनिक शटर गिराकर भाग खड़े हुए थे। सूत्रों के अनुसार हाल में ही स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ युवाओं द्वारा किए गए अनशन के बाद अमला सक्रिय नजर आ रहा है।

कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक हमेशा सुर्खियों में रहा है। हाल में ही मुखर्जी चौक के पास बॉस क्लीनिक संचालक यूके बॉस के गलत इलाज से स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ वनरक्षक मनोज उपाध्याय की भी मौत हो गई थी जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर क्लीनिक संचालक को सलाखों के पीछे भेजा था, वही कोतमा नगर के इस्लामगंज में संचालित विश्वास क्लीनिक जो पूर्व में जैतहरी में क्लीनिक संचालित कर रहा था जैतहरी में क्लीनिक में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा क्लीनिक को सील कर दिया गया था उसके बाद विश्वास क्लीनिक के संचालक के द्वारा कोतमा नगर के इस्लामगंज में फिर से अपनी क्लीनिक संचालित कर लिया है। हरिभूमि ने कई बार प्रमुखता से समाचार भी प्रकाशित किया लेकिन विभाग के द्वारा इन्हें क्यों अभयदान दिया जाता है यह समस्या से परे है ।

### इनका कहना है

संयुक्त टीम के द्वारा जांच के दौरान किसी प्रकार की डिग्री एवं वैधानिक अनुमति नहीं पाए जाने पर क्लीनिक को सील किया गया है। आगे भी अभियान जारी रहेगा।

**डॉ. आरके वर्मा**
**सीएमएचओ अनुपपुर**

## खबर संक्षेप

### कोयला उद्योग में कर्मचारियों और उनके आश्रितों के हित में निर्णय पर पुनः विचार की मांग

**अनूपपुर।** कोयला एवं खान मंत्री द्वारा हाल ही में जारी पत्र में यह उल्लेख किया गया कि NCWA के खंड 9, 4, और 0 के कार्यान्वयन के मामले में CIL (कोल इंडिया लिमिटेड) के शीर्ष सलाहकार समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि विकलांग कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने के लिए इन प्रावधानों को पुनः लागू करना संभव नहीं है। इस निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस जिला संगठन मंत्री, मनोज मिश्रा ने कहा कि यह निर्णय कोयला उद्योग के कर्मचारियों और उनके आश्रितों के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 27 जून 2024 को हुई बैठक में CIL प्रबंधन और ट्रेड यूनियनों के नेताओं ने सहमति से इस प्रावधान को समाप्त करने का निर्णय लिया था। मिश्रा ने बताया कि इस दौरान कोई विरोध नहीं किया गया और ना ही कर्मचारियों को इस बारे में सूचित किया गया, जिनके योगदान से ये नेता अपनी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय कोयला उद्योग के कर्मचारियों और उनके आश्रितों के हित के खिलाफ है, और इसमें जितनी जिम्मेदारी CIL प्रबंधन की है, उससे कहीं अधिक दोष ट्रेड यूनियनों के नेताओं का है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब ये नेता निर्णय के खिलाफ दिखावा कर रहे हैं, जबकि पहले उन्होंने चुप्पी साधी थी। मनोज मिश्रा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस निर्णय पर पुनः विचार किया जाए और कोयला उद्योग के श्रमिकों और उनके आश्रितों के हित में प्रावधान को यथावत रखा जाए। कोयला उद्योग के कर्मचारियों और उनके परिवारों को राहत देने के लिए यह मामला आगे बढ़ने की संभावना पर सवाल उठने लगे हैं।

### आवारा कुत्तों के हमले से घायल नर चीतल की मौत

**अनूपपुर।** मंगलवार के दोपहर वन डिपो जैतहरी के समीप विचरण कर रहे तीन चीतलो पर आवारा कुत्तों द्वारा दौड़ा का हमला किया जिसमें एक नर चीतल के गंभीर रूप से घायल होने पर मौत हो गई घटना पर वन विभाग द्वारा कार्यवाही की गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार की दोपहर वन डिपो जैतहरी के समीप तीन चीतल जिसमें नर, मादा एवं बच्चा विचरण कर रहा था इसी दौरान कई आवारा कुत्तों द्वारा पीछा कर दौड़ाया गया जिससे नर चीतल पर कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई, वही मादा बच्चे को ले कर जंगल की ओर चली गई, घटना की स्थानिक अशोक सोनी द्वारा वनविभाग सूचना दिए जाने पर परि, सहायक जैतहरी पूरन सिंह, वनरक्षक सत्येंद्र मिश्रा सुरक्षाश्रमिकों के साथ स्थल पर पहुंचकर मृत चीतल को अपनी अभिरक्षा में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दिए जाने पर पशु चिकित्सा डॉ, सचिन समौया, नायक तहसीलदार जैतहरी संजय जाट, प्रशिक्षु आईएफएस अशोक साहू, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, वनरक्षक रामनिवास एवं सुरक्षाश्रमिकों की उपस्थिति में मृत चीतल का पंचनामा, पीएम की कार्यवाही के साथ कफन से सम्मान करते हुए दाह संस्कार किया गया।

## भगवान परशुराम प्रकट्योत्सव शांति पूर्वक वैदिक परंपरानुसार मनायेगा विप्र समाज

अनूपपुर।

विप्र समाज के संयोजक पंडित रामनारायण द्विवेदी मानस मर्मज्ञ द्वारा बताया गया है कि वृहद परिचर्चा, मंथन, विचार विनिमय उपरांत समिति ने यह निर्णय लिया है कि इस वर्ष बिजुरी एवं मउगंज में कारित घटना जिससे पूरा प्रदेश वा देश अवगत हैं। इससे समाज के सभी प्रबुद्ध जन व्यथित और दुखी हैं। सांकेतिक रुप में चैतन्य मिश्रा अध्यक्ष आर्यावर्त महासभा, विद्याधर अध्यक्ष एकीकृत ब्राह्मण, जनार्दन मिश्रा अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण सभा, जीतेन्द्र पांडे पंडित संदीप मिश्रा, पंडित सुरेन्द्र शुक्ला, पंडित संतोष मिश्रा, पंडित रोहणी तिवारी, पंडित बाबूलाल पाठक, पंडित संजय मिश्रा, देवानंद शुक्ला, पंडित मधुकर चौबे, पंडित अयोध्या तिवारी, पंडित श्रीनिवास तिवारी, पंडित सुधीर द्विवेदी, पंडित सुरेन्द्र मिश्रा, पंडित राजमणि पांडे, पंडित महेश मिश्रा, पंडित लवकुश तिवारी, पंडित शेष नारायण शुक्ला, पंडित मधुसूदन द्विवेदी, पंडित शिवनारायण चौबे, पंडित बाबूलाल द्विवेदी, पंडित ब्रह्मानंद गर्ग, पंडित विजय पांडे, पंडित पुष्पेन्द्र पांडे, पंडित रामशरण शर्मा, पंडित रामसुन्दर शर्मा, पंडित महेन्द्र तिवारी, पंडित श्रवण तिवारी, पंडित प्रदीप पांडे, पंडित कमलेश द्विवेदी आदि सभी लोगों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष सादा समारोह मनाया जायेगा। चंदा और राजनीति से रहित हमारा समाज काम कर रहा है और आगे भी करेगा। समाज के संयोजक सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ साथ भगवान परशुराम के तपस्थली में जाकर समाज के उत्थान के आशीर्वाद लिए।



## विद्युत विभाग अनूपपुर से लाइन कर्मचारी संतोष रैकवार हुए सेवानिवृत्त

# कार्यक्रम का आयोजन कर दी गई भावभीनी विदाई

अनूपपुर।

वरिष्ठ लाइन परिचारक संतोष रैकवार 31 मार्च को सेवाएं देकर हमेशा की तरह मुस्कुराहट व सादगी की अपनी विशेषता के साथ सहायक अभियंता कार्यालय अनूपपुर से सेवानिवृत्त हुए। होटल गोविंदम मे विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त संतोष रैकवार को विभाग के अधिकारियों एवं साथी कर्मचारियों द्वारा शाल श्रीफल एवं माला पहनाकर उपहार प्रदान किया गया तथा सेवानिवृत्ति पश्चात आगामी सुखद जीवन हेतु मंगल कामना करते हुए बधाई देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता जीपी गोस्वामी ने कहा कि आपका होना वैसा ही था जैसा परिवार में किसी मुखिया का होना। आपके सेवानिवृत्त हो जाने से विद्युत परिवार में मुखिया की कमी हमेशा खलेगी। विदाई समारोह मे शामिल हुये शहडोल जिले के कार्यपालन अभियंता दिनेश तिवारी, अनूपपुर के कार्यपालन अभियंता अरूणेन्द्र मौर्य ने भी श्री रैकवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना किये। इस अवसर पर अधिकारियों व साथी कर्मचारियों ने उद्बोधन में कहा कि श्री रैकवार ने कार्य की प्रगति मे हमेशा तत्परता से काम किया वही कभी- कभी समस्या होने पर समझा बुझाकर काम को सिखलाया, कर्मचारियों के प्रति दुलार और स्नेह भी बरसाते रहे, कभी किसी के प्रति नकारात्मक सोच की भावना के साथ कार्य नही किये बल्कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते रहे और अपना कार्यकाल अच्छी तरह पूरा किए। कर्मचारियों के अलावा नाराज उपभोक्ताओं के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर समस्याओं के गतिपूर्ण समाधान का आपका कोई सानी नही। अपने कार्यकाल में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण दक्षता के साथ किया, जो सभी के लिए प्रेरणादायी है। लाइन मेंटीनेंस, फाल्ट ढूंढने मे इन्हे महारत हासिल है, वही श्री रैकवार ने उद्बोधन मे कहा कि यह तो शासन की रीति है कि जो नौकरी पर आता है उसे एक दिन सेवानिवृत्त होना ही पडता है, मैने अर्धवार्षिकी पूरी कर ली है। इस दौरान जितना मुझसे हो सकता था वह मैने कार्य किया। अगर गलती हुई हो तो विद्युत विभाग के कथन अनुसार भूल चूक-लेनी देनी की तरह गलतियां सुधारकर उसे भुला देना चाहिये। कार्यक्रम का सफल संचालन जेपीएन शर्मा ने करते हुये श्री रैकवार के साथ गुजारे हुये पलों को बताकर यादें ताजा कर दी। खुशनुमा माहौल मे विदाई का समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जहां विद्युत विभाग के अधिकारी व समस्त कर्मचारियों सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी संतोष रैकवार के परिजन भी शामिल हुये। इस दौरान श्री रैकवार को विदाई देते हुये कर्मचारी भाव विभोर हो गये। समारोह मे सहायक अभियंता शुभम डावर, नितिन गोले, अनूपपुर शहर के कनिष्ठ अभियंता मनीष जोशी तथा ग्रामीण कनिष्ठ अभियंता सुनील पटेल सहित विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में मनाया गया विद्या प्रवेश उत्सव

अनूपपुर।

केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में नवप्रवेशी विद्यार्थियों हेतु आयोजित विद्याप्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में कक्षा एक में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की संस्कृति से अवगत कराकर विद्यार्थियों का विद्यालय के पहले दिन स्वागत करना था। अभिभावकों के साथ विद्यालय में पधारे सभी नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं हस्तशिल्प द्वारा निर्मित रंगीन कागजी मुकुट पहनाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी के रूप में विद्यालय के प्राथमिक शिक्षण उत्कर्ष त्रिपाठी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसके अंतर्गत उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन से जुड़ने की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्यारे बच्चों अब आप एक ऐसे संगठन का हिस्सा बन गए हैं जो की शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारतवर्ष में एक सर्वोत्कृष्ट संस्थानोंमेंसेएकहै अतः केंद्रीय विद्यालय संगठन से जुड़ना आपके लिए परम सौभाग्य एवं गौरव का विषय है एवं उनके द्वारा सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में प्रवेश पाने के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कक्षा दो एवं तीन के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा एक में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को सहज कर उनका परिचय लेकर उनसे मेलजोल बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक विकास सिंह द्वारा विद्या प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल शब्दों में व्यक्त किया गया जिसके अंतर्गत उन्होंने बताया कि विद्या प्रवेश तीन माह की प्रक्रिया है जिसके अंतर्गत हम बच्चे को विद्यालय के लिए संपूर्ण रूप से तैयार करते हैं एवं हमारा उद्देश्य बच्चों की विद्यालय में सीखने के प्रति रुचि को जागृत करना होता है । तत्पश्चात कक्षा एक की कक्षाध्यापिका सुश्री आरती वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित कर उन्हें बताया गया कि किस तरह विद्यालय में उन्हें खेल-खेल में शिक्षा प्रदान कीजायेगी। इसके साथ-साथ कक्षा अध्यापिका ने विद्यार्थियों के साथ अपनी अपेक्षाओं को भी साझा किया एवं विद्यालय के नियमों को भी बड़े ही आत्मीय ढंग से समझाया।विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक मोतीराम मीणा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



### अमरकंटक पुलिस ने अपहृता एवं गुम इंसान को किया दस्तयाब

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी थाना अमरकंटक में 11 मार्च को फरियादी बुधराम बनावल पिता गौतम बनावल उम्र 25 वर्ष निवासी कुम्हरवार द्वारा 11 मार्च को गुम इंसान क्रमांक 10/24 भगवानिया बाई पति अंगद बघेल उम्र 30 वर्ष के गुमने की रिपोर्ट की गई थी। जिसका पता थाना अमरकंटक द्वारा दिनांक 21 मार्च 25 को त्वरित कार्यवाही करते हुए दृश्यप किया गया। दिनांक फरियादी शिवकुमार मसराम पिता बृजमोहन सिंह मसराम निवासी हर्रा टोला थाना अमरकंटक के द्वारा 26 मार्च 25 को गुम इंसान क्रमांक 14 / 25 को गुम इंसान बृजमोहन सिंह पिता कमल सिंह मसराम उम्र 58 वर्ष को थाना अमरकंटक के द्वारा 31 मार्च को दस्तयाब किया गया एवं 7 मार्च को गणेश सिंह गोड पिता अमरनाथ सिंह गौड़ उम्र 37 वर्ष के द्वारा गुम इंसान क्रमांक 9/25 कुमारी अमरावती पिता गणेश सिंह उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम पामरा थाना अमरकंटक के द्वारा 20 मार्च को सफलतापूर्वक दस्तयाब किया गया सभी दस्तयाब एवं गुम ईसान व्यक्तियों को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस थाना अमरकंटक के द्वारा तत्परता पूर्वक की गई कार्यवाही से गुम इंसान एवं अपहृता व्यक्तियों को उनके परिवारजनों के मिल जाने से राहत की सांस ली तथा पुलिस की इस कार्यवाही से परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

In The Court Of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Anuppur
Presiding Officer: श्रीमती चैनवती ताराम
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत परकाशन हेतु)
(MJC SUC/0000003/2025)
Process Id- /2025
पेशी दिनांक :- 09/04/2025
प्रमिला विराट..............................वादी Vs
शासन........................ प्रतिवादी
प्रेषिती-
(1) पता- अन्य

यह कि प्रार्थी प्रमिला विराट ने आपके विरूद्ध पेपर प्रकाशन के लिए बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 22 March 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।

कृपया ध्यान दें :-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(मुद्रा)
श्रीमती चैनावती ताराम
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड अनूपपुर (म.प्र.)

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तिवारी वंगरामन निवासी घुडीसरई शहपुरा तहसील डिण्डौरी जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा चोला मण्डलम इन्वेटमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 52 जीए 0549 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर चोला मण्डलम इन्वेटमेंट एण्ड फायनेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से होना है, अत: जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभिषेक सिंह पटेल निवासी ग्राम लखनपुर पोस्ट दुलहरा तहसील अनूपपुर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा इंडसिंड बैंक लिमिटेड से मोटरयान लोन मे लिया गया था जिसका वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडए 6986 है। जिसका रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर इंडसिंड बैंक लिमिटेड के नाम से होना है, अत: जिस भी व्यक्ति को आपत्ति दर्ज करानी हो वह सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर जिला परिवहन कार्यालय अनूपपुर मे उपस्थित होकर दर्ज कराये, उपस्थित न होने की स्थिति मे एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

## हाथियों के ताण्डव से रतजगा को मजबूर ग्रामीण, एसडीम सहित अधिकारियों ने ली ग्रामीणों की बैठक

अनूपपुर।

जिले के जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के दो अलग-अलग क्षेत्रो में एक एवं दो की संख्या में प्रवासी जंगली हाथी कई दिनों से डेरा जमाए हुए हैं जो दिन के समय जंगलों में ठहरने बाद रात होते ही ग्रामीण अंचल में पहुंचकर ग्रामीणो के खेतों एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर नुकसान पहुंचाने के कारण हाथियों के आंतक के कारण कई ग्राम के ग्रामीण रात-रात भर जाकर बिताने को बाध्य हो रहे हैं हाथियों की समस्या को देखते हुए जैतहरी एसडीएम ने अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत गोबरी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर हाथियों के विचरण एवं विचरण से उत्पन्न समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक आयोजित कर ग्रामीणों से बातचीत की। विदित है कि छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से दो अलग-अलग स्थान पर अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के गोबरी एवं धनगवां बीट के क्षेत्र में एक एवं दो की संख्या में हाथी निरंतर विचरण कर रहे हैं जो दिन के समय जंगलों में ठहरकर देर रात होने पर जंगलों से लगे ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर ग्रामीणों की खेत, बांड़ी में लगे विभिन्न तरह के अनाजों को अपना आहार बना रहे हैं विगत 13 दिनों से एक दांत वाला एक नर हाथी गोबरी के क्षेत्र में दिन में जंगल में रहकर शाम एवं रात होते ही गोबरी, ठेंगरहा, पगना, बांका आदि ग्रामों में पहुंचकर ग्रामीणों के खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाते हुए सुबह होने के पहले ही वापस जंगल में आकर ठहर जाता है यह हाथी खेतों के साथ जैतहरी-राजेंद्रग्राम मुख्य मार्ग, गोबरी तिराहा से ठेंगरहा, पगना मुख्य मार्ग पर ग्रामीणो एवं वनविभाग के गश्ती दर को चकमा देते हुए अचानक विचरण करने निकल जाता है वही दो नए हाथी मेहमान विगत चार दिनों से जैतहरी तहसील, थाना एवं वन परिक्षेत्र के बीट धनगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत क्योटार के कुसुमहाई के जंगल में डेरा जमाए हुए हैं जो देर रात होते ही जंगल से निकल कर कुछ दूर विचरण करने बाद वापस जंगल चला जाता है दोनों स्थानों में हाथियों के निरंतर विचरण के कारण कई गांव के लोग अपनी सम्पत्ति की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात-रात भर जाग कर रात बिताने को बाध्य हो रहे हैं, सोमवार की शाम जैतहरी एसडीएम श्रीमती अंजली द्विवेदी ने राजस्व, वनविभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत गोबरी, पगना के गोबरी, ठेंगरहा, पगना एवं बांका आदि हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों की बैठक लेते हुए हाथियों के निरंतर विचरण से उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की इस दौरान ग्रामीणों द्वारा हाथियों के द्वारा किए जा रहे घरों तथा फसलों के नुकसान पर तत्काल सहायता राशि दिलाये जाने शासन स्तर पर पत्राचार एवं संपर्क कर आए दिन उत्पन्न हाथी की समस्या से क्षेत्र को निजात दिलाए जाने की बात रखें जाने की बातें कही, जिस पर एसडीएम ने वनविभाग एवं राजस्व विभाग के मैदानी कर्मचारियों से नुकसानी का सर्वेक्षण कराते हुए सहायता राशि जल्द ही दिलाए जाने की बात कही गई इस दौरान प्रभारी तहसीलदार जैतहरी संजय जाट, वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, थाना प्रभारी जैतहरी विपुल शुक्ला वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, परि, सहा, जैतहरी पूरन सिंह, ग्राम पंचायत पगना, गोबरी के जन प्रतिनिधि, पटवारी, वनरक्षक एवं ग्रामीण जन बैठक में सम्मिलित रहे हैं।

